## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ राज्य सरकार की आज रांची में महत्वपूर्ण बैठक, विभिन्न स्टेक होल्डरों के साथ आयोग कर रहा है विचार –विमर्श।
2. शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आइएएस अधिकारी विनय चौबे को पूछताछ के लिए रिम्स से लाया गया एसीबी कार्यालय, रिमांड का आज है आखिरी दिन।
3. रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची में नवनिर्मित रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर का किया निरीक्षण, कहा– अगले महीने केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी करेंगे उदघाटन।
4. हजारीबाग में प्रशासन ने नकली खाद्य पदार्थों के कारोबार के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, 40 क्विंटल नकली पनीर जब्त।
5. दुमका में चतुर्थ झारखंड गर्ल्स बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन, एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक चेतना को बढ़ाने वाली विभिन्न गतिविधियों में लिया भाग।

***********************

चार दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंची 16वें वित्त आयोग की टीम आज रांची में विभिन्न स्टेक होल्डरों के साथ बैठक कर रही है। वित्त आयोग की टीम का सरकार के अधिकारियों के साथ भी एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में राज्य सरकार की ओर से केन्द्रीय अनुदान बढाने का प्रस्ताव वित्त आयोग के समक्ष रखा जाएगा।

***********************

राज्य में हुए कथित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव विनय कुमार चौबे को पूछताछ के लिए आज रिम्स के पेइंग वार्ड से एसीबी कार्यालय लाया गया है। तबीयत खराब होने के कारण श्री चौबे से कल पूछताछ नहीं की जा सकी थी। गौरतलब है कि एसीबी कोर्ट ने श्री चौबे और तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेन्द्र सिंह से पूछताछ के लिए एसीबी को दो दिनों की रिमांड दी है। रिमांड का आज आखिरी दिन है।

***********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि रांची के रातू रोड स्थित एलिवेटेड फ्लाईओवर का उद्घाटन जून के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। इस सिलसिले में उन्होंने एलिवेटेड रोड का निरीक्षण किया और एनएचएआई के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

***********************

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अलग–अलग देशों में उच्च स्तरीय चर्चा कर रहे हैं। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि सऊदी अरब आतंकवाद के खिलाफ भारत के जीरो टॉलरेंस नीति का समर्थन करेगा।

***********************

भारतीय जनता पार्टी के बोकारो जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने चास थाने में कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। भाजपा के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कांग्रेस नेता के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

प्रधानमंत्री के प्रति कांग्रेस नेता की आपत्तिजनक टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।

***********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित संपूर्ण राष्ट्रभारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर

रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन गुरुबचन सिंह सलारिया को याद कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***********************

हजारीबाग जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4000 किलो नकली पनीर जब्त की है। पूरी खेप बिहार के बख्तियारपुर और मनेर से हजारीबाग पहुंची थी। जानकारी के अनुसार इस पनीर को रांची में आपूर्ति की जानी थी। प्रशासन पूरे मामले की छानबीन में जुट गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती ने बताया इस कारोबार में संलिप्त सभी लोगों का पता लगाया जा रहा है।

***********************

सरायकेला–खरसांवा जिले में प्रधानमंत्री जन मन महा अभियान की सफलता के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***********************

आज एशियाई बाजारों में नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार सूचकांक मामूली गिरावट के साथ खुले। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 248 अंक गिरकर 81 हजार 385 पर और निफ्टी 73 अंक फिसलकर 24 हजार 761 पर कारोबार कर रहा था।

***********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव अठासी हजार नौ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

***********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कल भी तेज हवा के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने कहा है कि एक जून से मौसम में बदलाव होगा और तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। मौसम विभाग ने दक्षिण–पश्चिम मामनसू के छह जून को प्रवेश करने की संभावना व्यक्त की है।

***********************

दुमका में चतुर्थ झारखंड गर्ल्स बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। यह शिविर 21 मई को आरंभ हुआ था। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनिल यादव ने बताया कि दस दिवसीय शिविर के दौरान कैडेट्स ने अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक चेतना को बढ़ाने वाली विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

**********समाप्त***********